मध्य प्रदेश बना रणजी ट्रॉफी, 2022 का विजेता

चर्चा में क्यों?

26 जून, 2022 को मध्य प्रदेश ने बंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में मुंबई को छह विकेट से हराकर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश ने पिछली बार रणजी ट्रॉफी का फाइनल वर्ष 1988-1989 में बंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही खेला था।
- फाइनल मुकाबले की पहली पारी में 116 और दूसरी पारी में 30 रन बनाने के लिये मध्य प्रदेश के शुभम शर्मा को फाइनल मुकाबले में 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक 982 रन बनाने वाले मुंबई के सरफराज खान को 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया।
- रणजी ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की टीम के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव थे, जो इस जीत के साथ ही रणजी ट्रॉफी जीतने वाले मध्य प्रदेश के पहले कप्तान बन गए।
- वहीं चंद्रकांत पंडित मध्य प्रदेश के कोच हैं, जिन्होंने 1988-1989 में मध्य प्रदेश का रणजी ट्रॉफी में नेतृत्व किया था। उनका कोच के रूप में यह छठा रणजी खिताब है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-becomes-winner-of-ranji-trophy-2022